## आज का राशिफल
### 09-11-2022

मेष : अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है।

वृष : दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

मिथुन : नेत्र रोग से परेसानी होगी। साथ ही डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा।

कर्क : नई योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के मार्ग मिलेंगे।

सिंह : समय अनुकूल है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा।

कन्या : थोड़ा परेसानी का समय है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

तुला : कोई सामान्य परेसानी का सामना करना पड़ सकता है। साम को अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

वृश्चिक : जीवनसाथी से विवाद होगा। कोई दु:खद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। गणेश जी का पूजा ध्यान करें।

धनु : शिक्षा में बदलाव होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

मकर : प्रेम में धोखा का योग है। थोड़ा बदनामी का भी योग है। पर भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

कुंभ : माता का स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक तनाव भी होगा। पर आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी।

मीन : भाई बहन के लिए कुछ करने का समय है। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

# लापता राजा साहेब को ढूंढने वाले को इनाम देगी झारखंड पुलिस, जारी किया इश्तेहार

## 17 अक्टूबर से गायब, लाख प्रयासों के बाद भी नहीं मिल पायी है जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उग्रवादियों के खिलाफ तीन जिलों की पुलिस को कई सफलता दिलाने वाला पुलिस का मुखबिर राजा साहेब 17 अक्टूबर से गायब है। पुलिस के लाख प्रयासों के बाद भी राजा साहेब का सुराग नहीं मिल पाया है। जिसके बाद अब रांची पुलिस ने राजा की सूचना देने वाले को 50 हजार इनाम देने की घोषणा की है। इसके लिए एक इश्तेहार भी जारी किया है।

पुलिस द्वारा जारी इश्तेहार में पुलिस का मुखबिर लापता है और उसकी जानकारी देने वाले को 50 हजार इनाम की घोषणा की गयी है। इश्तेहार को घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में घूम-घूमकर बांटा जा रहा है। रांची पुलिस की तरफ से निवेदन किया गया है कि जो कोई भी राजा का सुराग देगा उसे 50 हजार इनाम की रकम दी जाएगी। साथ ही उसका नाम और पता दोनों ही गुप्त रखा जाएगा। पुलिस के लिए हमेशा मददगार रहे राजा उग्रवादियों के हिट लिस्ट में शामिल था। आशंका जताई जा रही है कि टीपीसी उग्रवादियों के द्वारा राजा का अपहरण कर लिया गया है। राजा की खोज के लिए रांची के बुढ़मू, चान्हो और खलारी इलाके में पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है।



### क्या कहती है पुलिस

**रांची** के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि राजा की तलाश में सीआरपीएफ और कोबरा जवानों के साथ साथ तीन थानों की टीम बुढ़मू के जंगलों में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। हालांकि अभी तक राजा का कोई सुराग हासिल नहीं हो पाया है, इसलिए अब राजा का सुराग बताने वाले को 50 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की गई है।

**पुलिस के इश्तेहार में क्या है पूरा मामला :** रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी गुटुवाटोली का रहने वाला राजा साहेब 17 अक्टूबर से से लापता है। टीपीसी उग्रवादियों द्वारा राजा साहेब के अपहरण की आशंका जतायी जा रही है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि राजा की हत्या कर टीपीसी उग्रवादियों ने उसे जंगल में दफना दिया है। इस मामले में राजा की पत्नी ने रातू थाना में रिपोर्ट भी दर्ज करायी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजा रांची, हजारीबाग और चतरा पुलिस के लिए काम किया करता था, उसकी सूचना पर टीपीसी उग्रवादियों के खिलाफ कई महत्वपूर्ण सफलताएं पुलिस के हाथ लगी थी।

**पत्नी का थाना में आवेदन :** राजा की पत्नी के आवेदन के अनुसार राजा साहेब 17 अक्टूबर की दोपहर एक बजे घर से बाइक से निकले थे। उन्होंने पत्नी से कहा था कि वह सर के साथ जरूरी काम से जा रहे हैं, जाने से पहले उन्होंने पत्नी से फटे-पुराने कपड़े मांगे और कहा कि उन्हें अपनी पहचान छुपानी है। इसी दौरान उन्होंने पत्नी से फोन करने के लिए भी मना किया था, फिर वो घर में रखे पुराने कपड़े पहने और बाइक से निकल गए। पत्नी ने पूरे दिन उन्हें फोन नहीं की, रात 11 बजे तक जब वह नहीं पहुंचे तो वह उन्हें फोन की, मगर उनका फोन लगातार स्वीच ऑफ आने लगा। आवेदन में राजा की पत्नी ने यह दावा किया है कि उनके पति का अपहरण कर लिया गया है।

इधर, पुलिस को राजा साहेब का अंतिम लोकेशन बुढ़मू के जंगल में मिला है, उसके बाद कोई लोकेशन नहीं मिला है। पुलिस करीब 20 दिन से पूरे एरिया में सर्च अभियान चला रही है, मगर राजा का कुछ पता नहीं चल पाया है।

# केशरवानी समाज का देश निर्माण में अमूल्य योगदान : आदित्य साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि केसरवानी वैश्य समाज का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। श्री साहू मंगलवार को पिठोरिया के कुम्हरिया में केशरवानी वैश्य समाज के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसकी अध्यक्षता कार्तिक केशरी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि कश्यप की तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया गया।



श्री साहू ने कहा कि केसरवानी समाज को शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने समाज, राज्य और देश की सेवा करने में समर्थ होता है। केशरवानी मेहनतकश समाज है। यदि यह समाज कही भी धर्मशाला का निर्माण करवाता है तो मैं उसमें अपेक्षित सहयोग दूंगा। ईमानदारी से आप लोग केसरवानी समाज को संगठित करने का कार्य कर रहे हैं।

सभा में यह तय किया गया कि आगामी 25 दिसंबर को धुर्वा के जगन्नाथ मंदिर स्थित नीलाद्री भवन में केसरवानी समाज का वैवाहिक परिचय सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में अजीत केसरी, तपेश्वर केसरी, मदन केसरी, मनीष केसरी, अनिल केसरी, संजय चौधरी, प्रदीप केसरी, उमेश केसरी, द्वारिका केसरी, सीताराम केसरी, दिनेश केसरी, राधेश्याम केसरी, सुजीत केसरी, दीपक केसरी, हेमंत केसरी सहित अन्य उपस्थित थे।

# मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गाड़ोदिया ने बसंत मित्तल को दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया ने बसंत मित्तल को प्रांतीय अध्यक्ष पद की बधाई दी है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अष्टम प्रान्तीय अधिवेशन 12 एवं 13 नवंबर को मारवाड़ी भवन, रांची में होगी जिसके उदघाटन समारोह की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल करेंगे। समापन समारोह में बतौर अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कोयलांचल विवि के प्रोवीसी पवन पोद्दार एवं धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल शामिल होंगे।



सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया ने अपने संदेश में कहा कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने स्थापना काल से ही अपनी अलग पहचान बनाई है। स्व. वासुदेव प्रसाद बुधिया, श्री गोविन्द प्रसाद डालमिया, श्री भागचन्द पोद्दार, श्री विनय सरावगी, श्री राजकुमार केडिया, श्री निर्मल काबरा एवं श्री ओमप्रकाश अग्रवाल ने अपने अपने कार्यकाल में समाज के व्यापक हित में अनेक कार्य किये हैं। श्री गाड़ोदिया ने कहा कि मुझे भी झारखंड में अध्यक्षीय दायित्व निर्वहन का अवसर मिला था। उन्होंने उम्मीद जताई है कि रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में अष्टम प्रांतीय अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

# खड़िया समुदाय ने पारंपरिक वेशभूषा में मनाया बंदै पर्व



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर खड़िया समुदाय ने बंदै पर्व मनाया। रांची खड़िया सरना समिति के अध्यक्ष जोगी खड़िया की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम में महिला पुरुष पारम्परिक वेशभूषा में थे। खड़िया समाज के पहान सोमरा खड़िया ने गाय बैलों की विशेष पूजा अर्चना की।

बताते चलें कि यह पूजा-अर्चना इनके कृषि कार्य से जुड़ी हुई है। इस अवसर के लिए बने प्रसाद भगवान को अर्पण किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर बंधु खड़िया, जय आदिवासी केंद्रीय परिषद की अध्यक्ष निरंजना हेरेंज टोप्पो ने समाज की महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार रखा।

मौके पर कुलभूषण डुंगडुंग, बसील किंडो, अंजलुस इंदवार, बांधना कुल्लू, मंगला कुल्लू, ललिता भगत, कोयली इंदवार, उर्मिला भगत, श्रीकांत बाड़ा उपस्थित थे।

# रांची विवि में अनुबंध शिक्षकों की बहाली पर अविलंब रोक लगे

**रांची।** घंटी आधारित अनुबंध सहायक प्राध्यापक संघ रांची विश्वविद्यालय रांची की बैठक मंगलवार को डॉ त्रिभुवन कुमार साही की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय रांची में हो रहे अनुबंध शिक्षकों की बहाली को अविलंब रोक लगाने की मांग की गई एवं नई नियमावली बनाने की बात कही गई, जिसमें यूजीसी के नियम के तहत न्यूनतम मासिक मानदेय देय हो। बैठक में सहायक प्राध्यापक संघ ने राज्यपाल सह कुलाधिपति को उनके उक्ति के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही रांची विवि के कुलपति से आशा किया गया कि राज्यपाल के निर्णय को स्वागत करते उसे विश्वविद्यालय को आदेश का अमल करना चाहिए। यह भी निर्णय लिया गया कि 14 नवंबर को अपने मांग पत्र को लेकर एक दिवसीय धरना के माध्यम से सरकार के समक्ष मांगपत्र रखना है।

# सिल्ली के हलमाड व लोहदाग में हुआ डालसा का कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 31 अक्टूबर से 13 नवंबर, 2022 तक रांची जिला के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में होना सुनिश्चित हुआ है।

इसी कड़ी में मंगलवार को सिल्ली प्रखंड के हलमाड एवं लोहदाग के लोहागढ़ा गांव में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में पीएलवी सम्पा दास प्रीति पाल, पम्मी देवी, स्नेहलता दुबे, पिंकू कुमारी, तारा मिंज, संगीता सिंह, संगीता देवी, युधिष्ठिर महतोएवं राजा उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। पीएलवी प्रीति पाल ने लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। सम्पा दास ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संगीता सिंह एवं संगीता देवी ने उपस्थित लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे में बताया। यह भी ज्ञात हो कि आगामी 12 नवम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गयी, लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को सुलझाने का लक्ष्य रखा गया हैं। अंत में पीएलवी के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

### नि:शुल्क विधिक सहायता की दी गयी जानकारी

# संत पॉल्स कैथेड्रल के पूर्व सचिव संतोष बान नहीं रहे



**रांची।** रांची पेरिश के संत पॉल्स कैथेड्रल के पूर्व सचिव एवं ढुमसा टोली के सरपंच 75 वर्षीय का आकस्मिक निधन बुधवार को ढुमसा टोली स्थित उनके आवास में हो गया। वे विदच 30 साल से सीएनआई कलीसिया में बतौर सक्रिय कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के रुप में विभिन्न समितियों में अपने सक्रिय योगदान दिया था। अपने पीछे वे एक भरा पूरा परिवार जिसमें उनकी धर्म पत्नी, पुत्र, बहु, दो पुत्री, दामाद व नाति पोते का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्वर्गीय संतोष बान के पार्थिव शरीर का दफन संस्कार कांटाटोली स्थित सीएनआई सिमेट्री में 09 अक्टूबर को दिन के11:30 बजे संपन्न की जाएगी। उनके निधन से सीएनआई कलीसिया के पुरोहितगण व विश्वासी शोकित व मर्माहत हैं।

## खबर एक नजर में

### सीसीएल से खलारी थाना को मिले डीजल का अंकेक्षण करायें डीजीपी : सोनी तिग्गा

**रांची।** सामान्य प्रशासन एवं वित्त अंकेक्षण तथा योजना विकास समिति की प्रमुख सोनी तिग्गा ने झारखंड के डीजीपी को पत्र लिखकर खलारी थाना पुलिस को एनके एरिया, डाकरा एवं पीपरवार एरिया सीसीएल से जितना डीजल मिलता है, उसका अंकेक्षण कराने की मांग की है। सोनी तिग्गा ने डीजीपी को लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम के कार्यकाल में खलारी थाना को जितना डीजल मिला है, इस संबंध में आरटीआई के माध्यम से खलारी थाना से जानकारी मांगी गई थी। जिसका भ्रमित जवाब देते हुए उसमें पिपरवार एरिया सीसीएल से मिले डीजल के हिसाब का जिक्र ही नहीं किया गया है। जबकि सच्चाई यह है कि सीसीएल पिपरवार एरिया से थाना को प्रति माह 320 लिटर डीजल दिया जाता रहा है।

### स्वतंत्रता सेनानी पूरन चंद को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** स्वतंत्रता सेनानी पूरन चंद को मंगलवार को सरस्वती एकेडमी बोड़या में श्रद्धांजलि दी गयी। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पूरन चंद एक सच्चे देशभक्त एवं क्रांतिकारी थे। आज की परिस्थिति में उनके विचारों पर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूरन चंद के करीबी राजकुमार साहू ने कहा कि उनकी सादगी, ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा का अभी भी लोगों द्वारा उदाहरण दिया जाता है। रविंद्र कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी पूरन चंद अपने विचारों एवं ईमानदारी के लिए हमेशा हमारे प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। मौके पर अधिवक्ता रोहन ठाकुर, सत्यम कुमार, सौरभ पांडे, अनूप कुमार, जय नाथ साहू समेत अन्य लोगों ने विचार रखे।

### 10 को रांची जिला स्कूल में विज्ञान ड्रामा

**रांची।** झारखंड शिक्षा निदेशालय बिड़ला औद्योगिक तथा प्रौद्योगिकी संग्रहालय के सहयोग से राज्य स्तरीय विज्ञान ड्रामा का आयोजन करेगा। 10 नवंबर को रांची जिला स्कूल में राज्य स्तर का कार्यक्रम किया जायेगा। मालूम हो कि हर साल राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर, जिला स्तर से लेकर प्रखंड व विद्यालय स्तर तक विभिन्न चरणों में राष्ट्रीय विज्ञान ड्रामा का आयोजन होता रहा है। यह कार्यक्रम हर साल पूर्वी भारत क्षेत्र स्तर पर नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम कोलकाता, जो भारत सरकार के पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय से संबंधित है, में विद्यार्थियों का ज्ञान बढ़ाने के लिए किया जाता है।

### बजाज आलियांज सॉल्वेंसी रेशियो में सर्वोच्च

**रांची।** जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने दो प्रमुख मापदंडों को साझा किया, जिन्होंने बाजार में इसकी स्थिति को मजबूत बनाया है और इसके ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों को सुरक्षित रखने हेतु इस बीमाकर्ता की वित्तीय क्षमता को प्रदर्शित किया है। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस का सॉल्वेंसी रेशियो 150 प्रतिशत की नियामक आवश्यकता के मुकाबले 581 प्रतिशत (वित्त वर्ष 22) है। वैश्विक स्तर पर, बीमाकर्ताओं द्वारा सॉल्वेंसी रेशियो उच्च बनाए रखा जाता है और यह कंपनी की वित्तीय स्थिति को उजागर करता है। बजाज आलियांज लाइफ का 581 प्रतिशत का सॉल्वेंसी रेशियो इसकी अल्पकालिक और दीर्घकालिक देनदारियों दोनों को पूरा करने की क्षमता को इंगित करता है।

### भारी हंगामे के बीच हुआ साड़ी का वितरण

**रांची।** जय मां तारा भक्त मंडल के अध्यक्ष बबलू चौधरी द्वारा मधुकम तालाब स्थित देवी मंडप के समीप नि:शुल्क साड़ी का वितरण किया गया। विदित हो कि काली पूजा में महाआरती में शामिल महिलाओं को 301 साड़ी निशुल्क वितरण जय मां तारा भक्त मंडल के द्वारा किया जाना था, किंतु महिलाओं की भारी संख्या को देखते हुए साड़ी की संख्या बढ़ाकर 501 किया गया था। यह साड़ी मां तारा को समर्पित था। महाआरती के बाद साड़ी का वितरण कार्य लगातार छह दिनों से जारी है। मंगलवार को मधुकम तालाब स्थित देवी मंडप के पास साड़ी वितरण के दौरान महिलाओं की भारी संख्या होने से हंगामा होने लगा। हंगामा को देखते हुए बबलू चौधरी ने तत्काल 301 और अलग से साड़ियां मंगाकर निशुल्क वितरण किया गया। सभी महिलाओं से निवेदन किया गया कि मां तारा को ध्यान में रखते हुए आप सभी माताएं परिवार और समाज के लिए कार्य करें ताकि परिवार और समाज स्वस्थ स्वच्छ और जागरूक हो सके। इस साड़ी वितरण कार्यक्रम में जय मां तारा भक्त मंडल के शंकर चौधरी ,धर्मेंद्र वर्मा, हर्ष चौधरी, यश चौधरी एवं सुनील विश्वकर्मा शामिल थे।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में उमड़े लोग

**रांची।** कार्तिक पूर्णिमा, गुरुनानक देव जयंती और चन्द्र ग्रहण के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में मंगलवार को आयोजित 58वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद 1700 लोगों ने ग्रहण किया। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने जरूरतमंद, निर्धन, दिव्यांगों एव आसपास के गांवों के लोगों के बीच भंडारे का प्रसाद वितरित किया।

### 10 प्रतिशत आरक्षण पर व्यक्त की प्रतिक्रिया

रांची। आर्थिक कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के आरक्षण के मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सामान्य वर्ग को मिलने वाला 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सिर्फ झारखंड के सामान्य वर्ग के मूलवासी सदानों को ही मिलना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान से आने वाले सामान्य वर्ग के लोग भी आर्थिक, राजनीतिक, और सामाजिक दृष्टिकोण से काफी पिछड़े हुए हैं। सरकार को हर हाल में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ झारखंड के मूलवासी सदानों के सामान्य वर्ग को मिले।

# कैंसर के लक्षण को समय रहते पहचानें : डॉ सतीश शर्मा

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में प्रिवेंशन ऑफ कैंसर डिजीज पर एक्सपर्ट टॉक का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की यूनिट महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी द्वारा प्रिवेंशन ऑफ कैंसर डिजीज विषय पर विवि के सेमिनार हॉल में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया।




प्रिवेंशन ऑफ कैंसर डिजीज प्रकरण पर अब्दुल रजाक अंसारी कैंसर इंस्टीट्यूट, रांची के ऑकोलॉजिस्ट एचसीजी क्यूरी एमडी डॉ सतीश शर्मा ने कैंसर के कारण, निवारण, चुनौतियां, उसके लक्षण तथा उपचार की विभिन्न पहलुओं पर सविस्तार प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कैंसर कोई लाईलाज बीमारी नहीं है। यदि समय रहते इसके लक्षण को समझते ही सही उपचार किया जाए तो यह शत-प्रतिशत ठीक हो सकता है। उन्होंने कहा कि गुटखा, अल्कोहल, पुअर हाइजीन एंड सेक्सुअल हैबिट्स, बैड लाइफस्टाइल, इन्वायरमेंटल पोलूशन इत्यादि कैंसर के कारक हैं। उन्होंने नर्सिंग के छात्र छात्राओं को कैंसर के कारण, लक्षण तथा बचाव से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स भी प्रदान किए।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने नर्सिंग के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि चिकित्सा जगत में नर्सिंग स्टाफ का काफी महत्व होता है। वे फिजिकल के साथ-साथ इमोशनल रूप से भी पीड़ितों का सपोर्ट करते हैं। उन्होंने टार्गेट थेरेपी के बारे में जानकारी साझा की।

डॉ सुबानी बाड़ा ने कहा कि प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर। हमें बीमारियों के होने से पहले ही उसके बारे में सजग होना चाहिए। इस अवसर पर नर्सिंग के फैकल्टी और छात्र छात्राओं ने कैंसर की बीमारी से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रश्न भी पूछे।

इस अवसर पर डॉ देवाशीष राय, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, डॉ नीलिमा पाठक, डॉ सुबानी बाड़ा, आशुतोष द्विवेदी, प्रो श्रीधर बी दंडिन, डॉ संदीप कुमार, हरी बाबू शुक्ला, डॉ राधा माधव झा, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ मनोज कुमार पांडे, प्रो राजीव रंजन, डॉ भारद्वाज शुक्ल, अनुभव अंकित सहित नर्सिंग के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# 17 दिसंबर को भव्य रूप से निकाला जायेगा क्रिसमस कार्निवाल : कुलदीप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) के कोर कमेटी की बैठक डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित सोशल डेवलपमेंट सेंटर (एसडीसी) के सभागार में बुधवार को हुई। इस बैठक में जेसीवाई की कोर कमेटी ने हर साल की तरह इस वर्ष भी क्रिसमस कार्निवाल के सफल आयोजन और उसकी तैयारी पर विशेष चर्चा की।



चर्चा के उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 दिसंबर 2022 को भव्य रुप से क्रिसमस कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। यह भी निर्णय हुआ कि हर साल की तरह इस वर्ष भी जेसीवाई का यह क्रिसमस कार्निवाल डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित लोयोला ग्राउंड से आरंभ होगा। यहां से निकलकर यह क्रिसमस कार्निवाल डॉ कामिल बुल्के पथ होते हुए अलबर्ट एक्का चौक तक जाएगा। कार्निवाल का मुख्य आकर्षण लाइव क्रिसमस कैरोल , चरनी और झांकियां होंगी। जेसीवाईए के केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने बताया कि क्रिसमस कार्निवाल आयोजन का मुख्य उद्देश्य इसके माध्यम से बालक येसु मसीह के जन्म दिवस के शुभ समाचार तथा उनके निस्वार्थ प्रेम, शांति, सेवा, सहयोग, दया व करुणा के संदेश को लोगों के साथ बांटना् है। क्रिसमस कार्निवाल के सर्जना चौक पहुंचने के बाद वहां मंच के माध्यम से लोगों के बीच क्रिसमस का यह संदेश लोगों को दिया जाएगा।

कुलदीप तिर्की ने यह भी बताया कि इस बार क्रिसमस कार्निवाल और भी भव्य रुप में मनाया जाएगा। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से न सिर्फ मसीही विश्वासी बल्कि ख्रीस्त को मानने वाले गैर मसीही शिरकत करेंगे। इस बैठक में उपस्थित अन्य लोगो में जेसीवाईए कोर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अलविन लकड़ा, संरक्षक सुजीत कुजूर, महासचिव विकास तिर्की, संदीप उरांव, हितेश पन्ना, दीपक लकड़ा और अरुण नगेशिया आदि शामिल थे।

## कार्तिक पूर्मिमा और चंद्रग्रहण को लेकर शाही स्नान



खबर मन्त्र डेस्क

**रांची।** कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को झारखंड की राजधानी रांची में स्वर्णरेखा व अन्य नदियों, तालाबों समेत साहिबगंज गंगा घाट पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दिन गंगा स्नान व अन्य नदी तालाबों में स्नान की की परंपरा है। पूर्णिमा के दिन इस साल का अंतिम चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण नदी-तालाब के घाटों पर भीड़ भी उमड़ी। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान का फल साल भर गंगा स्नान के बराबर होता है। श्रद्धालुओं ने दीपदान भी किया।

वहीं शाम में ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान-ध्यान के बाद हर कोई स्नान करने के बाद दान पुण्य करता नजर आया। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने का अलग महत्व होता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु का मत्स्य अवतार हुआ था। सारे देवी देवताओं का निवास पृथ्वी पर होता है। आज ही सिखों के पहले गुरु, गुरु नानक देव की भी जयंती भी है। सिख समुदाय के लोग इस दिन को प्रकाश पर्व के रूप में मनाते हैं। मंगलवार को चन्द्र ग्रहण भी था। ऐसा संयोग बहुत कम देखने को मिलता है। गंगा में स्नान करने के बाद पूजा पाठ करने से लोगों को शांति मिलती है।

## 553वें प्रकाश पर्व पर सीएम ने दी बधाई, राज्य की खुशहाली की मांगी दुआएं

खबर मन्त्र डेस्क

**रांची।** कार्तिक पूर्णिमा पर सिखों के पहले गुरू गुरुनानक देव जी का 553वां प्रकाश पर मनाया गया। गुरू दरबार में मत्था टेकने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। रांची के गुरु नानक स्कूल परिसर में दीवान सजाया गया। पूरा वातावरण शबद कीर्तन से गूंजता रहा। कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुग्रंथ साहिब के स्थापना स्थल में मत्था टेक राज्यवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सीएम ने कहा कि वैश्विक संकट कोरोना संक्रमण काल में सिख समुदाय गरीब, जरूरतमंदों के बीच मजबूती के साथ खड़ी रही है। इनका सहयोग लोगों को हमेशा मिलता है। राज्य सरकार सिख समुदाय के साथ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुनानक स्कूल से कडरू रोड को जोड़ने वाली पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, गगनदीप सिंह सेठी, ज्योति सिंह मथारू, परमजीत सिंह टिंकू, रणजीत सिंह हैप्पी, प्रो हरविंदर वीर सिंह, ऋषि छाबड़ा, हरप्रीत जग्गी, रणवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह, जसप्रीत नागी, हरविंदर वेदी, हरगोविंद सिंह सहित सैकड़ों सिख समुदाय के श्रद्धालु थे। इधर 55 वर्षों से रांची में प्रकाश पर्व से दो दिन पूर्व शोभा यात्रा निकालने की परंपरा रही है, जिसे इस साल भी धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गयी।



## इंटरनेशनल पेंटेकोस्टल होलीनेस चर्च का 100वां वर्षगांठ समारोह आयोजित

# सभी संप्रदाय राज्य को विकसित बनाने में आगे आयें : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इंटरनेशनल पेंटेकोस्टल होलीनेस चर्च विगत 100 साल से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब, जरूरतमंद तथा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। श्री सोरेन मंगलवार सिरम टोली चौक स्थित होटल मेपलवुड में आयोजित होलीनेस चर्च के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह संस्थान जरूरतमंदों को अपने पैरों पर खड़ा कर उन्हें बल देने का काम कर रही है। झारखंड अत्यंत पिछड़े राज्यों में है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले लोग कठिन जीवन से गुजरते हैं। ऐसे लोगों के बीच पहुंचकर आपकी संस्था उन्हें मार्गदर्शन देकर आगे बढ़ने की ताकत दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे कई जगह मिशन संस्थाओं के साथ काम करने तथा विकासात्मक योजनाओं पर विचार-विमर्श करने का मौका मिला है। कहा कि राज्य के आदिवासियों और मूलवासियों में जो शैक्षणिक और बौद्धिक विकास हुआ है इसमें कहीं न कहीं मिशन संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सुदूर क्षेत्रों में जहां मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा की कमी है, वैसे क्षेत्रों में मिशन संस्थाओं ने सकारात्मक कार्य कर मील का पत्थर साबित हुआ है।



**मिलजुल कर झारखंड को विकसित राज्य बनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर इस राज्य को विकसित बनायें। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग सरल स्वभाव के होते हैं। कभी-कभी इनके सरल स्वभाव का दुरुपयोग भी किया जाता है। यहां के लोग सरल तथा सीधे स्वभाव के होने के कारण कार्यपालिका की मकड़जाल को नहीं समझ पाते हैं और सरकार की भावी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। हमें उनके साथ खड़े रहने की आवश्यकता है। यहां की संपदा देश में रोशनी तथा अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बना हुआ है।

**कोरोना संक्रमण काल में पेश किया उदाहरण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने के महज कुछ दिनों बाद ही कोरोना संक्रमण चुनौती बनकर सामने आ गई। राज्य सरकार ने पूरी तत्परता से मजदूर, किसान, जरूरतमंदों सहित सभी वर्ग के लोगों को राहत पहुंचायी। मजदूरों को अपने घरों पर ही रोजगार उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि जैसे ही कोरोना संक्रमण से निकलते हुए आगे बढ़े वैसे ही राज्य में सुखाड़ की चुनौती आ खड़ी हुई। राज्य सरकार ने सुखाड़ जैसी चुनौती को भी संभाला है। यहां के किसान परिवार के लोगों को रोजगार सृजन के लिए कई योजनाओं की सौगात भी दी। उन्होंने कहा कि राज्य की परंपरा, संस्कृति और प्राकृतिक व्यवस्थाओं को मद्देनजर रखते हुए कार्य योजना तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले चिन्हित गरीब-जरूरतमंद परिवारों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिये सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

इस अवसर पर माइकल जॉन, पतरस टुडू, अनिल रेबन, जेसन मर्की, आलोक कच्छप, अशोक मिश्रा, संजीव मसीह, सनातन सोरेन सहित साउथ इंडिया, नॉर्थ इंडिया एवं ईस्टर्न इंडिया से पहुंचे आईपीएचसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# माहेश्वरी महिला समिति ने देव दिवाली पर 1500 दीये जलाये

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची माहेश्वरी महिला समिति द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में 1500 दीए प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से समाज के लोगों के साथ देव दिवाली का उत्सव मनाया गया। मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी के अनुसार मन से घर की छत, कगूरों और दरवाजे पर दीप जलाये गये। इस देव दिवाली उत्सव में माहेश्वरी महिला समिति के अध्यक्ष विजय जी साबू, सचिव अनीता साबू, कोषाध्यक्ष संगीता सोमानी, महिला झारखंड बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता चितलांगिया, पूर्व अध्यक्ष उषा मंत्री, भारती चितलांगिया, ममता डागा, रेनू फलोर विमला फलोर, वंदना मारू, मंजू मंत्री, लक्ष्मी चितलांगिया सरोज राठी, कविता मंत्री, शिखा बिरला, रेखा कल्याणी, सरिता चितलांगिया, अशोक साबू, पवन मंत्री, अंकुर डागा, गिरजा शंकर पेड़ीवाल, प्रकाश काबरा, मनोज कल्याणी, अनिल साबू, महावीर सोमानी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# टेट पास शिक्षकों ने जलायी सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली की प्रति, जताया विरोध


खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार और महासचिव मोहन मंडल ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर बताया कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली की प्रति को जलाकर विरोध दर्ज किया गया। यह नियमावली सरकार द्वारा जबरन थोपा जा रहा है। शिक्षा मंत्री से कई दौर की वार्ता होने और उनके द्वारा टेट सफल सहायक अध्यापकों को समायोजित कर वेतनमान देने पर सहमति बनी थी लेकिन उस वार्ता से शिक्षा मंत्री मुकर रहे हैं और अब नयी नियुक्ति नियमावली के तहत विज्ञापन निकालने की बात कर रहे हैं, जो कहीं से न्यायोचित नही है। उधर सरकार अल्पसंख्यक विद्यालयों में बिना टेट पास लोगों को नियुक्त कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात करती है। इससे सरकार का दोहरा चरित्र प्रदर्शित होता है।

महाधिवक्ता भी जेटेट सफल सहायक अध्यापक जो सहायक शिक्षक बनने की सारी अहर्ता को पूर्ण करते हैं उन्हें समायोजित कर वेतनमान देने की सिफारिश सरकार से कर चुके हैं बावजूद भी सरकार हठधर्मिता के कारण वेतनमान से वंचित कर नियुक्ति नियमावली के तहत एक और परीक्षा से गुजरने की बात कर रही है। जबकि जेटेट सफल सहायक अध्यापक 20 वर्षों का कार्य अनुभव रखते हुए विद्यालयों में पठन पाठन का कार्य कर रहे हैं। आगामी 13 नवंबर को सभी जिला मुख्यालयों में महागठबंधन के पार्टी कार्यालय पर धरना दिया जायेगा। इसके बाद भी बात नहीं बनी तो 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर रांची में जेटेट सफल सहायक अध्यापकों का जुटान होगा। प्रदेश कमिटी के वातार्कार सदस्य अपने अपने जिला में प्रति जलाकर विरोध जताया जिसमें सीमांत घोषाल, मीना कुमारी, कुणाल दास, संजय मेहता, डोमन महतो, सुनील यादव, तथा झरीलाल महतो शामिल थे।

## सांसद संजय सेठ ने विभिन्न पथों का किया शिलान्यास



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को नगर निगम के वार्ड नंबर 33 और 31 में पीसीसी पथ एवं आरसीसी नाली का शिलान्यास किया। उन्होंने वार्ड नंबर 33 के अंतर्गत आनंद नगर में 51 लाख की लागत से आरसीसी नाली का शिलान्यास किया। वहीं, वार्ड नंबर 31 सरोवर नगर में 15 लाख की लागत से पीसीसी पथ सुधार कार्य का शिलान्यास किया। इसके निर्माण से स्थानीय लोगों को एक बड़ी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। सांसद श्री सेठ ने कहा प्राथमिकता के आधार पर रांची शहर के सभी वार्डों में विकास कार्य किये जायेंगे। इस अवसर पर रांची के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, पार्षद अशोक यादव, मनोज साहू, नीरज कुमार सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## डोरंडा थाना प्रभारी रमेश सिंह ने पत्थल रोड में सीसीटीवी कैमरे की शुरुआत की



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र पत्थल रोड में बुधवार को राणा जफर अली के सौजन्य से 12 सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया। जानकारी के मुताबिक आवश्यकतानुसार और 3 सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाना है। इस क्षेत्र में बढ़ रहे नशाखोरी, चोरी और बढ़ रहे अपराध को देखते हुए उस अपराध पर अंकुश लगाने के नजरिए से राणा जफर अली ने यह कदम उठाया है ताकि इस क्षेत्र में चलने वाले आम नागरिक सुरक्षित महसूस करें तथा अपराधियों, नशाखोरों पर लगाम लगाने में सहयोग मिले। इस मौके पर डोरंडा थाना प्रभारी रमेश सिंह उपस्थित थे। उन्होंने राणा जफर अली के आवास पर सीसीटीवी कैमरे का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित लोगो में रमजान कुरैशी, असलम अंसारी, अली खान, हाजी सरफराज अंसारी, इरशाद कुरैशी, इलमस कुरैशी, भाजपा नेता नजीबुल्लाह खान, अलख निरंजन पासवान, फतेहुर रहमान, सीताकांत द्विवेदी, अफरोज आलम, मून कुरैशी, मुन्ना, सोनू, निरंजन प्रसाद, गुल्लू आदि शामिल थे।

## प्रकाश पर्व की झलकियां



आयोजित लंगर में प्रसाद ग्रहण करते संजय सेठ, नवीन जायसवाल



गुरुनानक स्कूल से कडरू रोड जाने वाली पीसीसी पथ का उद्घाटन।

## आंदोलन के दूसरे चरण में मांगों को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

# 19 नवंबर को मुख्यमंत्री का करेंगे घेराव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र चौबे के नेतृत्व में शिक्षकों का समूह रांची में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से 8 नवंबर को मिला। शिक्षकों की चार सूत्री मांगों का समाधान कराने का आग्रह कराते हुए ज्ञापन सौंपा। इससे संबंधित शिक्षकों के आंदोलन और 19 नवंबर को मुख्यमंत्री घेराव की बात बताई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शिक्षकों की बातों को सुनने के बाद कहा कि उनकी मांगों से सहमति हैं। मुख्यमंत्री से बात कर इसका समाधान कराएंगे। संघ की ओर से प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे, महासचिव राममूर्ति ठाकुर और मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कांग्रेस अध्यक्ष को बताया कि शिक्षकों से घोर भेदभाव किया जा रहा है। सरकार द्वारा अन्य कर्मियों को वृति उन्नयन योजना (एमएसीपी) का लाभ दिया जा रहा है। शिक्षकों को इससे अलग रखते हुए बिना किसी वित्तीय उन्नयन के ही उन्हें सेवानिवृत होने को बाध्य कर दिया जाता है।

संघ ने बताया कि छठे वेतनमान में जनवरी, 2006 से शिक्षकों के न्यूनतम आरंभिक वेतन निर्धारण की विसंगति के निराकरण की अनदेखी की जा रही है। इसी मामले में सचिवालय कर्मियों की समस्या का निराकरण कर दिया गया। शिक्षकों को उनके गृह जिले में स्थानांतरित करने का अवसर देने संबंधी सुस्पष्ट नियमावली अब तक नहीं बनाई गई। यह शिक्षा मंत्री के लिखित निर्देश और आश्वासनों की अवहेलना है। शिक्षकों को अध्यापन कार्य से विमुख रखते हुए जबरिया लिपिकीय कार्य करने को मजबूर करना किया जाता है। संघ ने शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाए रहने की प्रवृत्ति से मुक्ति दिलाने की मांग रखी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र चौबे, महासचिव राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, संतोष कुमार, संजय साहू, अजय कुमार सिंह, राकेश कुमार, अजय ज्ञानी, सलीम सहाय, कृष्ण शर्मा, राजेश कुमार सिन्हा, श्रीप्रकाश उपाध्याय, सुरंजन कुमार, राम कुमार, जितेंद्र कुमार, अनुप मिश्रा, अवध नेपाली, योगेंद्र द्विवेदी, रणजीत मोहन, सुधीर सिंह, सुधांशु प्रमाणिक, शमीम अंसारी, जुबेर अंसारी, युसुफ अंसारी, इन्द्रनाथ महतो, रघुनाथ महतो, निशी कुमारी, सतीश बड़ाईक सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे।

# टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में हुनर दिखाने सुजीत मुंडा बेंगलुरु कैंप के लिए रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची के दिव्यांग क्रिकेटर सुजीत मुंडा टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के कैंप में भाग लेने के लिए बंगलुरू रवाना हुए वे वहां भारतीय टीम से जुड़ेंगे। सुजीत मुंडा ने इस सहयोग के लिए एयरपोर्ट पर खेल निदेशालय और सरकार के प्रति आभार जताया। खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा के मुताबिक सुजीत को नेशनल कैंप भेजने के लिए विभागीय टीम सुबह से शाम तक विशेष व्यवस्था करने के लिए प्रयासरत रही।

गौरतलब है कि सुजीत को 8 नवंबर को ही बेंगलुरू कैंप में शामिल होना था। रांची एयरपोर्ट पर सुबह वे अपनी फ्लाइट पकड़ने पहुंचे। 10.15 में उनकी फ्लाइट का समय निर्धारित था पर वहां पता लगा कि फ्लाइट रवाना हो चुकी है। फ्लाइट छूटने के बाद सुजीत ने अपनी परेशानी झारखंड और नेशनल बोर्ड को बतायी। इसके बाद खेल निदेशालय ने उनके लिए तत्काल टिकट की व्यवस्था कर शाम की फ्लाइट से विदा किया।

**आलराउंडर खिलाड़ी हैं सुजीत :** रांची के रहने वाले सुजीत मुंडा बी-1 कैटेगरी के क्रिकेटर हैं। वे पूरी तरह से दृष्टिहीन हैं। वे टीम इंडिया में मध्यम गति के तेज गेंदबाज हैं और बल्लेबाजी भी करते हैं। 2014 में क्रिकेट कॅरियर शुरू करने वाले सुजीत को 2018 में टीम इंडिया में एंट्री मिली। वे टीम इंडिया के लिए कई द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय सीरीज में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं 4 दिसंबर से 17 दिसंबर के बीच आयोजित होने वाले ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप में सुजीत का चयन 3 चरण के ट्रायल के बाद किया गया है।

**गरीब परिवार से हैं सुजीत :** वे बेहद गरीब परिवार से आते हैं। उनके माता-पिता का निधन हो चुका है। तीन भाई हैं जो दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार चलाते हैं। सुजीत का खर्चा दिव्यांगजनों को मिलने वाली पेंशन से चलता है। हालांकि, टीम इंडिया में चयन की खबर सामने आने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुजीत से मुलाकात की। उनको क्रिकेट किट सौंपा और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव ने भी सुजीत को क्रिकेट किट सौंप कर उनका हौसला बढ़ाया था।

स्पीड न्यूज

## नशे की हालत में युवक ने की आत्महत्या

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के बारूडीह टोला बांधडीह में एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। मृतक की पहचान बांधडीह के ही पवित्र सिंह मुंडा ;35द्ध वर्ष के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक नशे का आदि था। सोमवार की देर रात तक युवक नशा करता रहा। और नशे की हालत में ही घर के सामने के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर झूल गया। बताया जाता है कि पिछले कई महीनों से मानसिक रूप से परेशान रहता था। तथा पूर्व में भी वह आत्महत्या करने का प्रयास किया था। इधर तमाड़ पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया। पुलिस अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है।

## सिकिदिरी भाजपा मंडल ने थाना प्रभारी का किया स्वागत

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो व सांसद प्रतिनिधि सुजीत कुमार सोनी के नेतृत्व में मंगलवार को नव नियुक्त थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने प्नशासन को हर सम्भव सहयोग करने की बात कही है। इस मौके पर बुधराम बेदियाए गुड्डू सिंहए धनेश्वर बेदिया, मनमोहन भोक्ताए बिट्टू कुमारएगोपाल करमाली आदि उपस्थित थे।

## नदियों में स्नान कर किया दीप दान

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दामोदर एवं सफही नदी में स्नान दान आदि को लेकर सैकड़ों श्रद्धालु स्नान कर दीपदान एवं सूर्य को अर्घ्य दिए द्य मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने के दौरान दीपदान किए जाने की वर्षों पुरानी परंपरा है द्य इस दीपदान को 10 यज्ञ के समान माना जाता है द्य कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली के नाम से भी जाना जाता है द्य मंगलवार प्रातः से ही कोयलांचल की सरोवर मैं काफी भीड़ देखी गई द्य वही चंद्र ग्रहण सूतक लग जाने पर कोयलांचल के सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए एवं श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर प्रांगण के बाहर ही पूजा पाठ की विधि को संपन्न किया गया।

## सोबा गांव को मिला खेती का प्रशिक्षण

**ठाकुरगांव।** रामकृष्ण मिशन मोरहाबादी द्वारा बुढ़मू प्रखंड के सोबा गांव में मंगलवार को उन्नत कृषि को लेकर किसानों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ ओपी शर्मा ने किसानों को खेती में ईंधन के बचत के विषय में जानकारी दिया। साथ ही उन्होंने किसानों से जलएऊर्जा तथा मिट्टी संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती अपनाने की बात कही। अतिथियों ने गांव के 20 असहायों के बीच कंबल का भी वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामलाल महतो, जयनाथ महतो, बनिता देवी, सोनालाल महतो, जयकुमार कुशवाहा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## केनरा बैंक सीबीओओ के महासचिव ने किया सिल्ली का दौरा

सिल्ली। केनरा बैंक के शाखा प्रबंधकों की टीम ने मंगलवार को सिल्ली क्षेत्र का भ्रमण किया। टीम का नेतृत्व केनरा बैंक के सीबीओओ के महासचिव नवीन कुमार सिंह कर रहे थे। टीम के सदस्यों ने बैंक द्वारा संचालित रुडसेट संस्थान के कार्यप्रणाली का निरीक्षण किंया। संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके उद्यमियों के प्रतिष्ठान का भी दौरा किया। बालिका ब्यूटी पार्लरए मुरी में वसीम बाइक गैराज समेत कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उद्यमियों से बातचीत की। उनके व्यवसाय को बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया। महासचिव नवीन कुमार सिंह ने शाखा प्रबंधकों से कहा कि हर एक शाखा प्रबंधक अपने पोषक क्षेत्र में रुडसेट के प्रशिक्षण को बढ़ावा दे। मौके पर रुडसेट सिल्ली के निदेशक भवेश दासएवरीय संकाय अनिल कुमारए जगदीश महतोए दशरथ महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# विलक्षण प्रतिभा के धनी थे कार्तिक उरांव

## कार्तिक उरांव की मनाई गई जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की ओर से स्वर्गीय कार्तिक उरांव की 98 वीं जयंती मनायी गयी। बाल विकास विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में पद्मश्री अशोक भगत मुख्य अतिथि थे। श्री भगत ने कहा कि स्व उरांव विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने शिक्षा की बदौलत जनजातीय समाज को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलायी। देश के आदिवासियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया। उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सांसद संजय सेठ ने कार्तिक उरांव कॉलेज में विज्ञान भवन निर्माण के लिये 11 लाख देने की घोषणा की। विधायक नवीन जायसवाल ने स्व उरांव के योगदान का स्मरण किया। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और पद्मश्री मधु मंसुरी ने भी अपनी बातें रखी। इससे पूर्व अतिथियों ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण और पौधरोपण किया। स्वागत भाषण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने दिया। वहीं संचालन महासचिव डॉ लक्ष्मण उरांव व डॉ रंजीत मिश्र ने किया। यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। इसकी कमान डीएसपी प्रवीण सिंह व थानेदार सपन कुमार महथा ने संभाली।



कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अशोक भगत।

### विधायक चमरा लिंडा ने बांटा झंडा

आदिवासी विकास परिषद, पड़हा संगठन संचालन समिति की ओर से हाई स्कूल मैदान में जयंती और जतरा का आयोजन किया गया। हुसे उरांव की अगुआई में आयोजित कार्यक्रम में विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा बतौर मुख्य और आजसू नेता भरत कांसी, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, एसीएस के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव विशिष्ट अतिथि थे। जतरा में आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। श्री लिंडा ने खोड़हा टीमों को झंडा व मांदर देकर सम्मानित किया। बच्चों ने झूले का लुत्फ उठाया। दर्जनों स्टॉल लगाये गये थे। सभी तरह की दुकानें सजी थी। जतरार्थियों ने मिठाई व केतारी समेत घरेलू चीजों की खरीदारी की। ठेला-खोमचा वालों की चांदी रही।

### कार्यक्रम में शामिल

मेघा उरांव, पंचू उरांव, रोहित मिश्र, देवचरण उरांव, गोपाल साहू, सपना रानी, अनुज उरांव, मुकेश काबरा, अमित तिवारी, फूलकुमारी देवी, बेलाल अंसारी, कृष्णा भगत, राजेंद्र मुंडा, परमेश्वर सिंह, हजारी प्रसाद, संदीप उरांव, सरोज तिग्गा, महादेव उरांव, उदय जायसवाल, सरजू सिंह, संजीव तिवारी, मनोज गुप्ता, सुषमा तिर्की, मुकेश भगत, महावीर विश्वकर्मा, पुनई उरांव, लीला देवी, जितेश्वर मुंडा, सुखदेव टोप्पो, देविया उरांव, सोनी कुजूर, लाला उरांव, सुकरा उरांव, सुमित उरांव, जयश्री उरांव, बिरेंद्र उरांव, सुनिल लोहरा, राधा उरांव, शंकर उरांव, चमरू उरांव, कुलदीप उरांव, पुष्पा भगत, रितेश कुमार, शिवपूजन साहू, स्कूल-कॉलेज के शिक्षकए शिक्षिका व परिषद कर्मी आदि।

# चान्हो के लीची बागान में डीलर संघ की बैठक में चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड मुख्यालय परिसर लीची बागान में मंगलवार को सितंबर में आवंटन में कटौती और वितरण संबंधित मामलों को लेकर रामवृक्ष साहू की अध्यक्षता में डीलर संघ की बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत किये गए राशनो के आवंटन में भारी कटौती कर दिया गया है जबकि वितरण के समय जितना भी अनाज बकाया रहता है ओ हर माह कटौती कर के आवंटन की जाती है। मगर इस तरह उसके बाद भी भारी कटौती करना डीलरों के गले नहीं उतर रहा है। शशि कुमार ने बताया डीलरों को सितंबर माह का राशन ई पोस मशीन में पूर्व के तरह पुरा आवंटन दिखा रहा है जबकि अनाज भारी कटौती के साथ मिला है। ऐसे में डीलर लाभुकों के बीच किस तरह से राशन का वितरण करें ये समझ में नहीं आ रहा है। वंही लगातार जिले के अधिकारियों व अखबारों के माध्यम से लोगों को पूरा राशन उपलब्ध कराने की बात कही जा रही है मगर वास्तविक स्थिति कुछ और। बैठक में निर्णय लिया जो कटौती के साथ आनाज दिया जा रहा है इसके कारण हम लोग वितरण के लिए असमर्थ है इसीलिए इस मामले का निदान नहीं होता तब तक उठाया गया राशन वितरण नहीं किया जाएगा। डीलर संघ के द्वारा एक मांग पत्र बनाया है। साथ ही कोरोना काल के दौरान मृत्यु डीलरों के आश्रितों को पूर्व की भांति जन वितरण प्रणाली का दुकान आवंटित किए जाने की तथा सरकारी नौकरी दिया जाने की मांग की गई है।

# ओरमांझी और इटकी के सरकारी स्कूलों में चोरी

## बच्चों के अनाज के साथ स्कूल के सभी रजिस्टर भी ले भागे चोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** अज्ञात चोरो द्वारा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों को निषाना बनाया जा रहा है। थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जावाबेड़ा व गवर्नमेंट प्राईमरी स्कूल चापाबार में चोरो द्वारा बच्चों के एमडीएम अनाज के साथ स्कूल के सभी रजिस्टर तक को चूरा कर ले गए हैं। वहीं जावाबेड़ा स्कूल से विभिन्न समानो के अलावे पुस्कालय से ज्ञानसेतू की किताब की भी चोरी हो गई। वहीं चापाबार स्कूल के एमडीएम अनाज के साथ चुल्हा भी चुरा ले गए है। चोरी की घटनाओं को लेकर षिक्षक व स्थानीय लोगों ने चिंता जताया है। वहीं ज्ञानसेतू की किताब की चोरी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा, कि पढ़े-लिखे चोर रोजगार नही मिलने पर अब चोरी करने लगे हैं। वहीं रजिस्टर की चोरी होने से हिसाब में गड़बड़ी होने की भी संभावना जताई जा रही है। ओरमांझी थाना में चोरी का मामला दर्ज कराया गया। वहीं जावाबेडा के स्कूल के सहायक शिक्षक रजिलाल बेदिया के अनुसार ग्रामीणों द्वारा स्कूल के आसपास एक चारपहिया वाहन को देखा गया था। आषंका जताई जा रही है कि चोर उसी वाहन से चोरी करने पहचे थें। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा वाहन व चोरों का पता लगाया जा रहा है।



घटना के बाद स्कूल पहुंचे स्थानीय ग्रामीण।

### इटकी के दो घरों में चोरी

**इटकी।** इटकी में एक ही रात एक स्कूल सहित दो स्थानों पर चोरी हो गयी। सोमवार की रात चोर स्टेशन रोड स्थित संत स्टीफेन मध्य विद्यालय के कार्यालय का दरवाजा में लगे ताला को तोड़ कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे लोहे के दो अलमारी के दरवाजे को तोड़ डाला। जबकि अलमारी के लॉकर को तोड़ने का असफल प्रयास किया। चोरों के हाथ करीब एक हजार रुपये ही लगे। स्कूल के प्रिंसिपल चंद्रशेखर मार्क बाखला के मुताबिक एमडीएम के लिये अलमारी के लॉकर में 20 हजार रुपये रखे थे। जांच के बाद अलमारी में रखे सभी जरूरी कागजात सुरक्षित पाये गये। इटकी बाजार स्थित एक पान गुमटी के संचालक संतोष महतो ने जानकारी दी कि चोर गुमटी के पिछले हिस्से को काट कर अंदर प्रवेश किये और बक्से में रखे डेढ़ हजार नगद ले भागे।

## सोनाहातू से कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 12 नवंबर से

**सोनाहातू।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों को प्रत्येक गाँव के जन.जन तक पहुँचाने के लिए सिल्ली विधानसभा में इसकी शुरूआत आगामी 12 नवम्बर से सोनाहातू प्रखंड से किया जायेगा। प्रथम चरण में सोनाहातु प्रखंड के हारिण पंचायत के बारेडीह गाँव से यह यात्रा प्रारंभ होकर सोनाहातू तक जाएगी। सोनाहातु तक जायेगी। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी डॉण राकेश किरण महतो ने प्रखंड कमिटियों को आवश्यक निर्देश दिये है।

## एक नजर में

### उत्पाद विभाग ने जब्त की 85 पेटी अवैध शराब



**कांके।** कांके थाना क्षेत्र के ऊपर टोला प्रेम नगर में उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बंद पड़े एडवेस्टस के मकान से 85 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया है। उत्पाद विभाग के एक अधिकारी के अनुसार विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रेम नगर इलाके में अवैध ढंग से अंग्रेजी शराब को लाकर एक घर में स्टोर किया जा रहा है और उसे फिर शराब का नाम बदलकर रीपैकिंग कर इसे बाहर भेजा जाता है। जिसे उसे अच्छी कीमत मिल सके। इसी सूचना पर उत्पाद विभाग ने छापामारी की और शराब को बरामद किया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मकान हमेशा बंद ही रहता है। कभी कभार एक 407 और 307 वाहन इस घर में आकर रुकते हैं कुछ सामान उतारते और फिर चले जाते हैं।

### डीप बोरिंग के लिए किया भूमि पूजन



**बेड़ो।** बेडो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत अंतर्गत ग्राम जहनाबाज के चेनेया टोली में मंगलवार को जोहार योजना के अंतर्गत डिप बोरींग निर्माण का शुभारंभ पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया ने पुर्व मुखिया सह युवा नेता सुनील कच्छप के साथ भूमि पुजन कर किया। जहां मुखिया लक्ष्मी कोया ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़कर ग्रामीणों को सशक्त करना है। इस डिप बोरिंग के हो जाने से डीप बोरिंग के आसपास के क्षेत्रों के लोगों को पीने के पानी के लिए दूर तक जाना नहीं पड़ेगा। मौके पर समाजसेवी महाकाल लोहराए वार्ड सदस्य महावीर लोहराए ग्राम प्रधान बिरसा बारलाए बिरेंद्र कच्छप व ग्रामीण मौजूद थे।

### मृतक के परिजन को दी खाद्य सामग्री



**पिठोरिया।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने पिठोरिया के सेमलबेड़ा गांव जाकर श्राद्ध कर्म में शोक संतप्त परिजनों को श्राद्धकर्म हेतु खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया। विदित हो कि पिछले दिनों सेमलबेड़ा गांव के रहने वाले जागेश्वर महतो का सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया था। कमलेश राम मृतक के घर गए तथा दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट किए एवं ढाढस बंधाया। साथ ही श्राद्ध कर्म हेतु सहयोग के तौर पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया। कमलेश राम ने बताया कि भाजपा की विचारधारा है कि जन सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इसलिए मुझे जब भी मौका मिलता है मैं गरीबों के बीच जाकर उनकी सेवा करता हूं और आगे भी करता रहूंगा। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नसीब लाल महतोए सासंद प्रतिनिधि थानो मुंडाए पिठोरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल महतोए पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र गोपए मंडल महामंत्री लखन उरांवए धनेश्वर महतो एवं दीपक साहू उपस्थित रहे।

### सावडीह और मानकीडीह गांव में जंगली हाथियों ने फसल को रौंद डाला



**सोनाहातू।** प्रखंड मानकीडीह ओर सावडीह गांव में सोमवार रात को जंगली हाथियों का झुंड ने जमकर मचाया उत्पात। मानकीडीह गांव के किसान महावीर महतो, जयसिंह महतो, शिवेश्वर महतो, श्रीपदो का सब्जी और धान फसल को नष्ट किया है। इधर सावडीह के किसान निर्मल महतो, नरेश महतो, चन्द्रकान्त महतो, सिदाम महतो, पुष्कर महतो, अक्षय महतो, मनोज महतो, जितेन्द्र महतो व दिनेश महतो के तीन एकड़ जमीन में तैयार धान और सब्जी फसल को जंगली हाथियों का झुंड ने खायाऔर रौंद कर बर्बाद कर दिया है।पीड़ित किसानों वन विभाग एवं प्रखंड कार्यालय में सूचना देकर मुआवजा देने की मांग किया है।

# बोड़ेया कृषि मेला का आयोजन



**कांके।** बोड़ेया और अरसंडे ग्राम में रास सह कृषि विकास मेला का आयोजन कार्तिक पूर्णिमा के अवसर आयोजित की गई। मौके पर मदन मोहन मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। चंद्रग्रहण के कारण बंगाल की प्रसिद्ध बाउल टीम के द्वारा मंदिर के प्रांगण में भजन कीर्तन कराया जा रहा है। किसानों द्वारा दर्जनों गांव से अपनी अपनी साग सब्जी को प्रदर्शनी हेतु बोडेया पंचायत में रखा गया है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ नैयर अलीए डॉ सी महतो एवं डॉ अभय कुमार द्वारा साग सब्जियों को प्राइज वितरण हेतु चयन किया गया। किसानों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस वर्ष बोड़ेया के मुखिया सोमा उरांव, सरपंच अमर तिर्की एवं अरसंडे के जनप्रतिनिधि, ग्राम के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति एवं देखरेख में कृषि विकास मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित है, जो रात भर चलेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक समरी लाल, विशिष्ट अतिथि स्वामी देवेंद्र प्रकाश, डॉ जगरनाथ उरांव, उपप्रमुख अंजय बैठा मौजूद थे।

# बचरा में गुरुनानक जयंती पर लगा लंगर

## 553वां प्रकाश पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** गुरु नानक देव के 553 वां जन्म के अवसर पर गुरु नानक जी के प्रकाशोत्सव पर्व पिपरवार कोयलांचल में धूमधाम से मनाया गया द्य इस अवसर पर बचरा गुरुद्वारा में निशान साहिब का चोला बदला गया ? साथ ही दीवान साहेब को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया द्य बचरा गुरुद्वारा ग्रंथि कुलदीप सिंह आदि ने गुरु ग्रंथ गुरुवाणी पाठ कराया एवं बाहर से आए रागी जत्था के द्वारा शब्द कीर्तन गाए गए जिसने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में विभोर कर दिया द्य इसके पश्चात सिख संगत और श्रद्धालुओं ने दीवान साहिब के समक्ष मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया द्य इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़कागांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं आजसू के केंद्रीय सचिव रोशन लाल चौधरीए सीसीएल पिपरवार के अधिकारीए एवं कोयलांचल क्षेत्र के जनप्रतिनिधिए समाजसेवी ने एक साथ पंगत में बैठकर लंगर चखा। बचरा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा विगत 4 दिनों से प्रभात फेरी निकाले जाने के क्रम में बचरा एराय आदि अन्य स्थानों पर विभिन्न समाजसेवी एवं राजनीतिक दलों द्वारा स्वागत किए जाने को लेकर उपस्थित बचरा व्यवसाई संघ के सचिव शशि भूषण सिंहए मंटू यादवए रोशनलाल चौधरीए कादिर खानए रितेश केसरीए आदि के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरदार बक्शी सिंहए सेवा सिंहए निर्मल सिंहए सुखदेव सिंहए तरसेम सिंहए अनूप खन्नाए पृथ्वीपाल सिंहए जगजीत सिंहए कमलजीत सिंहए रंजीत सिंहए अमन सिंहए राजेंद्रपाल सिंहए रविंद्र सिंहए आभा खन्नाए चरणजीत कौर एआदि ने सराहनीय भूमिका निभायी।



# बुचाओपा में सात पड़हा देवोत्थान जतरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड स्थित बुचाओपा मे मंगलवार को सात पड़हा देवठान जतरा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कांग्रेस नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि जिस तरह पूर्वजो ने हमारी परंपराए संस्कृति एवं रीति रिवाज को बचा के रखा है। उसी प्रकार आज हम सभी को अपनी परंपराए संस्कृति व रीति रिवाज को बचा के रखने की जरूरत है।जतरा आदिवासी संस्कृति की पहचान हैए आधुनिक बनें पर अपनी परंपरा और संस्कृति को साथ लेकर चलें। आज लोग धर्म और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं जिसका परिणाम हमें कई प्रकार के प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। आज शिक्षा के आभाव में लोग अन्धविश्वास से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। मौके पर धर्मवीर पहानए शिबा उरांवए जियाउल रहमानए तनवीर आलमए सुनील सिंहए रिझु पहानए शिव उरांवए मघी उरांवए बेसा उरांवए अनित उरांवए पुनई उरांवए डहरु उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।



# कुंज बिहारी अग्रवाल के निधन पर शोक, सुदेश ने दी श्रद्धांजलि



**सिल्ली।** सिल्ली के कपड़ा व्यवसायी व पवन वस्त्रालय के संचालक कुंज बिहारी अग्रवाल (87 वर्ष) का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले 2 महीनों से अस्वस्थ थे एवं घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। करीबी रिश्तेदारए व्यवसायी संघ के सदस्य एवं गणमान्य लोग उनके निवास स्थान पहुंचकर दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। मुरि स्वर्णरेखा नदी के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय विधायक सुदेश महतो भी मुक्ती धाम पहुंचे एवं उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। शव यात्रा में राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, रतनलाल महतो, लंबोदर महतो, गणेश साहू, ब्रजेश प्रसाद, विनय साव, अनंत साहू, राजेश साहू, संजीव भगत, संजय भगत, सुशांत भगत, आशुतोष आस, मनोज साव शामिल थे।

# हरिहरपुर जामटोली पहाड़ पर लगा कार्तिक पूर्णिमा मेला

## बेड़ो में कार्तिक मेला महोत्सव का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हरिहरपुर जामटोली पहाड़ स्थित शिव मंदिर का 15 वां वर्षगांठ समारोह सह मेला महोत्सव का समापन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला महोत्सव पर देवा दी देव महादेव बाबा भोलेनाथ की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जहां पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर में पंडित राजा पाठक के द्वारा यजमान धनंजय महतोए संदीप प्रमाणिक चिंतामणि देवी एवं महावीर गोप के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ भगवान शिव की पूजा कराया गया।

वहीं केंद्रीय कीर्तन समिति के द्वारा आयोजित अखंड हरिकीर्तन में कीर्तन मंडली में हरिहरपुर जामटोलीए हुटरीए कुरकुरा मंदरोए चोरयाए गुड़गुड़ जाड़ीए चीगरीएकरकटए करगेए कोकरए सोंस महिला कीर्तन मंडलीए लुरंगी समेत कई टीम भाग लिया।



### कार्यक्रम में निभाई अहम भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर निर्माण एवं कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति के अध्यक्ष मुकेश गोपए सचिव चरवा उरांवए कोषाध्यक्ष महावीर गोपए उपाध्यक्ष धनंजय महतोए संदीप प्रमाणिकए उपसचिव पिताम्बर गोपए संजय प्रमाणिकए आकाश गोपए संरक्षक .जयराम प्रेमीए दुर्गा महतोए सोमरा लोहराए सोमरा महतोए सुरेन्द्र गोपए विशेश्वर हजामए सक्रिय सदस्य. दीपक महतोए श्यामल गोपएरोहित गोपए संजय गोपए राजकिशोर लोहराए शिवनारायण लोहराए रमेश गोपए रामवृत गोपए शंकर गोपए अभिषेक उरांवए विशाल उरांवए संदीप महतो समेत कई ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

